# अध्याय 3: अप्रवासन मामले

## हांगकांग पहचान पत्र (ID कार्ड) के लिए आवेदन

यदि आप 11 वर्ष या उससे अधिक आयु के नए आगमनकर्ता हैं और आपको हांगकांग में 180 दिनों से अधिक समय तक रहने की अनुमति दी गई है, तो आपको आगमन के 30 दिनों के भीतर ID कार्ड के लिए पंजीकरण कराना होगा। आपका पहला ID कार्ड निःशुल्क है।

नीचे सूचीबद्ध अप्रवासन विभाग के किसी भी पंजीकरण कार्यालय में अपने पहचान पत्र लिए आवेदन करें। अपने साथ अपना पासपोर्ट और अन्य यात्रा दस्तावेज़ लाना याद रखें।

| कार्यालय का नाम | पता | टेलीफोन: | फैक्स : |
|---|---|---|---|
| Registration of Persons - Hong Kong Office | 8/F, Immigration Tower<br>7 Gloucester Road<br>Wan Chai, Hong Kong<br>(MTR Wan Chai Station - Exit A5) | 2824-6111<br>3547-2300 | 2824-1810 |
| Registration of Persons - Kowloon Office | 3/F, Cheung Sha Wan Government Offices<br>303 Cheung Sha Wan Road<br>Kowloon<br>(MTR Sham Shui Po Station - Exit C1) | 2150-7933 | 2369-4825 |
| Registration of Persons - Tseung Kwan O Office | 3/F, Administration Tower (for registration service) and 1/F, Administration Tower (for collection service), Immigration Headquarters, 61 Po Yap Road, Tseung Kwan O, New Territories<br>(MTR Tseung Kwan O Station - Exit B1) | 2824-6111 | 2795-3625<br>2877-7711 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| Immigration and Registration of Persons - Fo Tan Office | Shops 405-407, 4/F Jubilee Square 2-18 Lok King Street Fo Tan, New Territories (MTR Fo Tan Station – Exit C) | 2653-3116 | 2650-4766 |
| Registration of Persons – Tuen Mun Office | 3/F, Tuen Mun Siu Lun Government Complex, 19 Siu Lun Street, Tuen Mun (Light Rail Sam Shing Stop) | 2653-1035 | 2653-1079 |
| Immigration and Registration of Persons - | 1/F, Yuen Long Government Offices, 2 Kiu Lok Square, Yuen Long, New Territories (MTR Long Ping Station – Exit E) (Light Rail Hong Lok Road Stop) | 2475-4114 | 2474-3962 |

आपको सलाह दी जाती है कि आप अप्रवासन विभाग के मोबाइल एप्लीकेशन या निम्नलिखित वेबसाइट के माध्यम से अपॉइंटमेंट (मिलने का समय) लें और आवेदन पत्र पहले से भर लें:

www.gov.hk/en/residents/immigration/idcard/hkic/bookregidcard.htm.
आप 2598-0888 पर 24 घंटे की टेलीफोन अपॉइंटमेंट बुकिंग प्रणाली के माध्यम से भी अपॉइंटमेंट ले सकते हैं।

***चेतावनी:***
***पंजीकरण अधिकारी को हमेशा सही विवरण बताएं। अन्यथा आपको जेल हो सकती है और जुर्माना भी देना पड़ सकता है।***

## ID कार्ड की देखभाल

ID एक बहुत ही महत्वपूर्ण दस्तावेज है और कानून के अनुसार इसे हर समय अपने पास रखना अनिवार्य है। इसे अच्छी स्थिति में रखें और ऐसी जगह रखें जहां आप इसे आसानी से प्राप्त कर सकें।

समय-समय पर पुलिस आपसे अपना पहचान पत्र दिखाने के लिए कह सकती है। यह उनके काम का नियमित हिस्सा है इसलिए घबराएं नहीं।

याद रखने योग्य दो अन्य महत्वपूर्ण बातें हैं:

- यदि आपका पहचान पत्र गुम गया है, नष्ट हो गया है, विकृत हो गया है या क्षतिग्रस्त हो गया है, तो आपको इसकी सूचना देनी होगी तथा 14 दिनों के भीतर किसी भी पंजीकरण कार्यालय में प्रतिस्थापन कार्ड के लिए आवेदन करना होगा।
- यदि आपके "पंजीकृत विवरण" (जैसे वैवाहिक स्थिति, आवासीय पता, आदि) में कोई परिवर्तन होता है, तो आपको पंजीकरण कार्यालय को सूचित करना चाहिए।

## निवासी के लिए

### *आश्रित वीज़ा*

व्यक्ति को हांगकांग आने से पहले आश्रित वीज़ा के लिए आवेदन करना चाहिए। ऐसे आवेदन हांगकांग अप्रवासन विभाग को सीधे ऑनलाइन “https://www.gov.hk/en/nonresidents/visarequire/visasentrypermits/applydependant.htm” पर भेजे जा सकते हैं।

आपको सलाह दी जाती है कि आवेदन की विस्तृत आवश्यकताओं के लिए आप अप्रवासन विभाग से संपर्क करें। "हांगकांग में आश्रितों के रूप में निवास के लिए प्रवेश हेतु मार्गदर्शिका" (ID(E) 998) भी है, जिसे अप्रवासन विभाग की वेबसाइट https://www.immd.gov.hk/eng/forms/forms/id-e-998.html से डाउनलोड किया जा सकता है। सामान्यतः, आवेदन के समर्थन में निम्नलिखित दस्तावेज प्रस्तुत किए जाने चाहिए:

- आश्रितों के साथ प्रायोजक के संबंध का प्रमाण; तथा
- प्रायोजक की वित्तीय स्थिति और आवास का प्रमाण।

### *निवास का अधिकार*

निवास का अधिकार प्रत्येक व्यक्ति की परिस्थितियों के आधार पर एक जटिल मुद्दा हो सकता है। आवेदन प्रस्तुत करते समय आपका हांगकांग में कानूनी रूप से रहना आवश्यक है। पूछताछ के लिए कृपया अप्रवासन विभाग की हॉटलाइन 2824-6111 पर

कॉल करें। हांगकांग विशेष प्रशासनिक क्षेत्र में निवास के अधिकार के बारे में विस्तृत जानकारी के लिए कृपया अप्रवासन विभाग की वेबसाइट www.immd.gov.hk/eng/services/roa/term.html देखें ।

## *विवाह पंजीकरण*

यदि आप हांगकांग में विवाह करना चाहते हैं, चाहे विवाह रजिस्ट्रार द्वारा विवाह रजिस्ट्री में हो, किसी सक्षम पादरी/पुरोहित द्वारा लाइसेंस प्राप्त पूजा स्थल में हो, या हांगकांग में किसी अन्य स्थान पर विवाह के सिविल सेलेब्रेंट(संचालक) द्वारा हो, तो आपको निर्धारित प्रपत्र पर विवाह के इरादे की सूचना पहले से ही व्यक्तिगत रूप से या विवाह के सिविल संचालक के माध्यम से विवाह रजिस्ट्री में देनी होगी। व्यक्तिगत रूप से नोटिस देने के लिए, आपको 24-घंटे अपॉइंटमेंट बुकिंग प्रणाली का उपयोग करके 3102-3883 पर कॉल करने या www.gov.hk/en/residents/immigration/bdmreg/marriage/bookgivingmarriage.htm वेबसाइट के माध्यम से अग्रिम रूप से अपॉइंटमेंट लेने की सलाह दी जाती है। काउंटर पर नोटिस देने के लिए प्रक्रिया में लगने वाले समय को कम करने के लिए, आपको यह भी सलाह दी जाती है कि नोटिस देने के लिए सफलतापूर्वक अपॉइंटमेंट बुकिंग करने के तुरंत बाद सूचना पत्रक "विवाह पंजीकरण के लिए आवश्यक जानकारी" (फॉर्म MR21B) ऑनलाइन अग्रिम रूप से जमा कर दें।

यदि आप अपने विवाह को विवाह के सिविल सेलेब्रेंट (संचालक) द्वारा संपन्न कराने का निर्णय लेते हैं, तो आप अप्रवासन विभाग की वेबसाइट: www.immd.gov.hk/eng/services/marriage/Civil_Celebrants_of_Marriage_Scheme.html पर "विवाह के नियुक्त सिविल सेलेब्रेंट (संचालक) की सूची" और अन्य अद्यतन जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

विवाह पंजीकरण के बारे में अधिक जानकारी के लिए कृपया अप्रवासन विभाग की वेबसाइट https://www.immd.gov.hk/eng/services/marriage.html पर जाएं। आप "विवाह पंजीकरण" पुस्तिका [https://www.immd.gov.hk/pdf/Leaflet_HowtoApply_Marriage_EN_web.pdf] और "विवाह करने वाले पक्षों के लिए सूचना पुस्तिका" [https://www.immd.gov.hk/pdforms/mr70_e.pdf] भी पढ़ सकते हैं, जो अप्रवासन विभाग के सूचना और संपर्क अनुभाग, Upper Ground Floor, Administration

Tower, Immigration Headquarters, 61 Po Yap Road, Tseung Kwan O, New Territories से प्राप्त की जा सकती है।

***जन्म पंजीकरण***

जन्म एवं मृत्यु पंजीकरण अध्यादेश (कैप. 174) के अनुसार, जन्म लेने वाले प्रत्येक बच्चे के माता-पिता को जन्म के 42 दिनों के भीतर जन्म रजिस्ट्री में या ऑनलाइन (यदि लागू हो) के माध्यम से बच्चे के जन्म के पंजीकरण के लिए आवेदन करना होगा। यदि कोई व्यक्ति जानबूझकर कानून के अनुसार बच्चे के जन्म का पंजीकरण नहीं कराता है तो यह एक दण्डनीय अपराध है। अपराधियों को अधिकतम $2,000 का जुर्माना या छह महीने तक की कैद की सजा हो सकती है। माता-पिता को कानून के अनुसार अपने बच्चों का जन्म पंजीकरण कराना आवश्यक है, ताकि पंजीकरण में देरी के कारण उनके बच्चों के चिकित्सा उपचार, शिक्षा और कल्याण लाभों के अधिकारों का हनन न हो।

यदि निम्नलिखित आवश्यकताएं पूरी होती हैं, तो आप https://www.gov.hk/en/residents/immigration/bdmreg/onlinebirthregistration.htm पर इंटरनेट के माध्यम से बच्चे के जन्म का पंजीकरण कर सकते हैं:

- आप बच्चे के पिता या माता हैं;
- बच्चे के माता-पिता में से एक हांगकांग का स्थायी निवासी है;
- बच्चा वैध बच्चा है;
- आप बच्चे के जन्म के 42 दिनों के भीतर जन्म का पंजीकरण करा रहे हैं; और
- आप "iAM Smart+" मोबाइल ऐप के पंजीकृत उपयोगकर्ता हैं।

अस्पतालों में नवजात शिशु के जन्म पंजीकरण के लिए बच्चे की उपस्थिति आवश्यक नहीं है, लेकिन बाद में यात्रा दस्तावेजों के लिए आवेदन करने हेतु बच्चे की उपस्थिति आवश्यक है।

बच्चे के जन्म पंजीकरण के लिए निम्नलिखित दस्तावेज आवश्यक हैं:
- माता-पिता का विवाह प्रमाणपत्र (यदि विवाह प्रमाणपत्र चीनी या अंग्रेजी में नहीं लिखा गया है, तो उसका प्रमाणित अनुवाद आवश्यक है); तथा
- माता-पिता के हांगकांग स्थायी पहचान पत्र (हांगकांग के स्थायी निवासियों के लिए); या

- माता-पिता के पहचान पत्र और वैध यात्रा दस्तावेज (जैसे पासपोर्ट, पहचान के दस्तावेज आदि) (हांगकांग निवासियों के लिए); या
- हांगकांग पहुंचने पर माता-पिता के यात्रा दस्तावेज (जैसे पासपोर्ट, हांगकांग और मकाऊ आदि से आने-जाने के लिए प्रवेश-निकास परमिट) (गैर-हांगकांग निवासियों के लिए)।

कृपया याद रखें कि व्यक्तिगत पंजीकरण के लिए या ऑनलाइन पंजीकरण के अनुरोध पर जांच के लिए मूल दस्तावेज प्रस्तुत करना आवश्यक है।

उपर्युक्त दस्तावेज सामान्यतः अप्रवासन अध्यादेश के तहत बच्चे की हांगकांग स्थायी निवासी स्थिति की पुष्टि करने के लिए पर्याप्त हैं (कैप. 115)। मामले की प्रकृति के आधार पर, आपको अन्य सहायक दस्तावेज़ प्रस्तुत करने की आवश्यकता हो सकती है।

कृपया रिकार्ड के लिए उन आवश्यक दस्तावेजों की फोटोकॉपी भी उपलब्ध कराएं जो हांगकांग अप्रवासन विभाग द्वारा जारी नहीं किए गए थे।

यदि जन्म का पंजीकरण 42 दिनों की अवधि के भीतर किया जाता है तो कोई पंजीकरण शुल्क नहीं देना होगा। हालाँकि, जन्म पंजीकरण के बाद प्राप्त जन्म प्रविष्टि की प्रत्येक प्रमाणित प्रति के लिए शुल्क लिया जाएगा।

व्यक्तिगत रूप से अपने बच्चे के जन्म पंजीकरण के लिए,आपको 24-घंटे अपॉइंटमेंट बुकिंग प्रणाली का उपयोग करके **2598-0888** पर कॉल करके या www.gov.hk/en/residents/immigration/bdmreg/birth/birthreg/bookbirthreg.htm. वेबसाइट का उपयोग करना होगा।
आपको अपॉइंटमेंट बुक करने से पहले संबंधित अस्पताल से यह पुष्टि कर लेनी चाहिए कि जन्म विवरण रजिस्ट्रार के पास पहुंचा दिया गया है। काउंटर पर जन्म पंजीकरण की प्रक्रिया में लगने वाले समय को कम करने के लिए, आपको यह भी सलाह दी जाती है कि आप अपने बच्चे के जन्म पंजीकरण के लिए सफलतापूर्वक अपॉइंटमेंट बुकिंग करने के तुरंत बाद सूचना पत्रक "जन्म पंजीकरण के लिए आवश्यक जानकारी" (फॉर्म BDR93A) ऑनलाइन जमा कर दें।

जन्म पंजीकरण के बारे में अधिक जानकारी के लिए कृपया अप्रवासन विभाग की वेबसाइट देखें: https://www.immd.gov.hk/eng/services/birth-death-marriage-registration.html. आप "जन्म पंजीकरण और बच्चे का नाम जोड़ना / परिवर्तन"

पुस्तिका भी पढ़ सकते हैं [https://www.immd.gov.hk/pdf/birth-registration-and-addidtion-alteration-of-child's-name-en.pdf] जो अप्रवासन विभाग के सूचना और संपर्क अनुभाग, Upper Ground Floor, Administration Tower, Immigration Headquarters, 61 Po Yap Road, Tseung Kwan O, New Territories से प्राप्त की जा सकती है।

### *मृत्यु पंजीकरण*

जन्म एवं मृत्यु पंजीकरण अध्यादेश (कैप. 174) के अनुसार, सूचना देने वाले मृतक के निकटतम संबंधी या अन्य प्रासंगिक व्यक्ति) का यह कर्तव्य होगा कि वह प्राकृतिक कारणों से हुई मृत्यु को मृत्यु रजिस्ट्री में या ऑनलाइन (यदि लागू हो) माध्यम से ऐसी मृत्यु के 14 दिनों के भीतर पंजीकृत करे।

यदि आप किसी मृत्यु के सूचनादाता हैं, तो आप इंटरनेट के माध्यम से https://www.gov.hk/en/residents/immigration/bdmreg/onlinedeathregistration.htm पर मृतक की मृत्यु का पंजीकरण कर सकते हैं, बशर्ते निम्नलिखित आवश्यकताएं पूरी हों:

- मृतक की मृत्यु प्राकृतिक कारण से हुई है और सूचना देने वाले के पास मृत्यु के कारण का मूल चिकित्सा प्रमाण पत्र (फॉर्म 18) है, जो उस पंजीकृत चिकित्सक द्वारा हस्ताक्षरित और जारी किया गया है, जिसने मृतक की अंतिम बीमारी के दौरान उसकी देखभाल की थी;
- आप किसी मृतक की मृत्यु का पंजीकरण उसकी मृत्यु के 14 दिन के भीतर कर रहे हैं; और
- आप "iAM Smart+" मोबाइल ऐप के पंजीकृत उपयोगकर्ता हैं।

मृत्यु पंजीकरण के लिए निम्नलिखित दस्तावेज़ आवश्यक हैं:

- "मृत्यु के कारण का चिकित्सा प्रमाण पत्र" (फॉर्म 18) जो पंजीकृत चिकित्सक द्वारा हस्ताक्षरित हो, जिसने मृतक की अंतिम बीमारी के दौरान उसकी देखभाल की थी;
- मृतक का हांगकांग पहचान पत्र/यात्रा दस्तावेज; और
- आपका हांगकांग पहचान पत्र / यात्रा दस्तावेज।

कृपया याद रखें कि व्यक्तिगत पंजीकरण के लिए या ऑनलाइन पंजीकरण के अनुरोध पर जांच के लिए मूल दस्तावेज प्रस्तुत करना आवश्यक है।

पंजीकरण के प्रयोजन के लिए आपको रजिस्ट्रार को मृतक के व्यवसाय, राष्ट्रीयता, वैवाहिक स्थिति आदि जैसी अतिरिक्त जानकारी देनी होगी।

पंजीकरण के लिए कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा। हालाँकि, मृत्यु पंजीकरण के बाद प्राप्त मृत्यु प्रविष्टि की प्रत्येक प्रमाणित प्रति के लिए शुल्क लिया जाएगा।

यदि मृत्यु अप्राकृतिक कारणों (जैसे जहर, हिंसा आदि) से हुई हो तो ऐसे मामले की सूचना मृत्यु-समीक्षक(कॉरोनर)को दी जाएगी। मृत्यु का कारण जानने के लिए मृत्यु-समीक्षक(कॉरोनर)पोस्टमार्टम परीक्षण या जाँच-पड़ताल कर सकता है। सामान्यतः, मृत्यु के कारण की जाँच-पड़ताल करने में मृत्यु-समीक्षक
(कॉरोनर) को एक से छह महीने का समय लगता है। जब मृत्यु का कारण निर्धारित हो जाता है और मृत्यु-समीक्षक
(कॉरोनर) द्वारा उसे बता दिया जाता है, तो रजिस्ट्रार द्वारा एक सप्ताह के भीतर मृत्यु का पंजीकरण कर लिया जाएगा, जो मृतक के रिश्तेदार को पत्र द्वारा सूचित करेगा।

मृत्यु पंजीकरण के बारे में अधिक जानकारी के लिए कृपया अप्रवासन विभाग की वेबसाइट देखें: https://www.immd.gov.hk/eng/services/birth-death-marriage-registration.html. आप "मृत्यु पंजीकरण" पुस्तिका भी पढ़ सकते हैं [https://www.immd.gov.hk/pdf/birth-registration-and-addidtion-alteration-of-child's-name-en.pdf] जो अप्रवासन विभाग के सूचना और संपर्क अनुभाग, Upper Ground Floor, Administration Tower, Immigration Headquarters, 61 Po Yap Road, Tseung Kwan O, New Territories से प्राप्त की जा सकती है।

## विदेशी घरेलू सहायक के लिए

### *मेरा वीजा कब समाप्त होगा?*

हांगकांग पहुंचने पर,आपको एक लैंडिंग स्लिप जारी की जाएगी, जिसमें स्पष्ट रूप से बताया जाएगा कि आपको यहां कितने समय तक रुकने की अनुमति है। यदि आप विदेशी घरेलू सहायक के रूप में नया रोजगार अनुबंध शुरू करने के लिए हांगकांग आते

हैं, तो हांगकांग में आपके रहने की सीमा सामान्यतः दो वर्ष होगी। हालांकि, यदि आप एक वर्ष की विस्तार अवधि के भीतर अपने देश जाने छुट्टी की लेने के बाद अपना अनुबंध जारी रखने के लिए हांगकांग में प्रवेश करते हैं, तो आपको अपने पासपोर्ट में लैंडिंग स्लिप पर निर्दिष्ट रहने की सीमा का पालन करना चाहिए। यदि आपका अनुबंध समय से पहले समाप्त हो जाता है, तो आपको अनुबंध की समाप्ति की तारीख से दो सप्ताह के भीतर या रहने की सीमा समाप्त होने से पहले, जो भी पहले हो, हांगकांग छोड़ देना होगा।

***चेतावनी:***

1. *इस गलतफहमी में ना रहें कि आपके अनुबंध की समाप्ति तिथि ही हांगकांग में आपके रहने की अंतिम तिथि है। वास्तविक अंतिम तिथि आपके पासपोर्ट या "ई-वीजा" में नवीनतम लैंडिंग स्लिप पर निर्दिष्ट रहने की सीमा है।*

2. *अनुमत अवधि से अधिक न रुकें। आपको जेल और जुर्माना हो सकता है। अपनी सज़ा पूरी करने के बाद आपको हांगकांग से निकाला भी जा सकता है।*

## ***हांगकांग में पुनः प्रवेश***

HKSAR के गैर-स्थायी निवासियों (विदेशी घरेलू सहायकों सहित) को, चाहे उनकी राष्ट्रीयता और यात्रा दस्तावेज का प्रकार कुछ भी हो, हांगकांग में प्रवेश करने के लिए पुनः प्रवेश वीजा कीआवश्यकता नहीं है, बशर्ते कि वे अपने रहने की वैध सीमा के भीतर वापस लौटें और जिन परिस्थितियों में उन्होंने अपना आवासीय दर्जा प्राप्त किया था, वे अपरिवर्तित रहें।

## ***उसी नियोक्ता के साथ रोजगार वीजा का नवीनीकरण***

यदि आपका अनुबंध 2 वर्ष की पूरी अवधि ("पूर्ण अनुबंध")समाप्त कर चुका है, तो आप उसी नियोक्ता के साथ अनुबंध के नवीनीकरण के लिए आवेदन कर सकते हैं।आप उसी नियोक्ता के पास नवीनीकरण के लिए आवेदन कर सकते हैं। आपको "विदेश से घरेलू सहायक के लिए वीजा / प्रवास विस्तार आवेदन पत्र" (ID 988A) को पूरा करना होगा, जबकि आपके नियोक्ता को "विदेश से घरेलू सहायक के रोजगार के लिए आवेदन" (ID 988B) को पूरा करना होगा।

सामान्य परिस्थितियों में, आपको अनुबंध पूरा होने के बाद अपने मूल स्थान पर लौट जाना चाहिए और नया अनुबंध शुरू करने के लिए हांगकांग लौटने हेतु वीजा के लिए आवेदन

करना चाहिए। यदि परिस्थितियाँ आपको पुराने अनुबंध की समाप्ति के तुरंत बाद छुट्टी के लिए अपने मूल स्थान पर लौटने की अनुमति नहीं देती हैं, तो अपने नियोक्ता के साथ आपसी सहमति से,छुट्टी को स्थगित करके अपनी रुकने की अवधि बढ़ाने के लिए आवेदन कर सकते हैं। आपको और आपके नियोक्ता को आवेदन के लिए क्रमशः ID 988A और ID 988B के प्रासंगिक भागों को पूरा करना होगा। आवेदन करने पर, विस्तार शुल्क के भुगतान पर अप्रवासन निदेशक सामान्यतः रुकने की अवधि बढ़ाने को मंजूरी दे सकते हैं जो एक वर्ष से अधिक नहीं होती। आपको एक वर्ष की विस्तार अवधि के भीतर अपने मूल स्थान पर लौटने की व्यवस्था करनी चाहिए तथा अनुबंध को पूरा करने के लिए हांगकांग में प्रवेश करने हेतु वीजा का उपयोग करना चाहिए (वीजा शुल्क माफ तथा स्वीकृत रुकने की अवधि के अनुरूप वैधता के साथ)।

उसी नियोक्ता के साथ अपना रोजगार जारी रखने के लिए अपने रोजगार वीजा को नवीनीकृत करने के लिए,आपके पास नियोक्ता के साथ एक नया रोजगार अनुबंध होना चाहिए। आवेदन विवरण के लिए, कृपया "विदेश से घरेलू सहायकों के रोजगार के लिए मार्गदर्शिका" (ID (E) 969) [https://www.immd.gov.hk/eng/forms/forms/id-e-969.html] और "विदेश से घरेलू सहायकों के रोजगार के लिए त्वरित मार्गदर्शिका" (ID (E) 989) [https://www.immd.gov.hk/eng/forms/forms/id-e-989.html] देखें। आपको मौजूदा अनुबंध की समाप्ति से आठ सप्ताह के भीतर उसी नियोक्ता के पास रोजगार वीजा के नवीनीकरण के लिए अपना आवेदन प्रस्तुत करना चाहिए। ऐसे आवेदन निम्नलिखित तरीके से किए जा सकते हैं:

**(a)** ऑनलाइन -
https://www.gov.hk/en/residents/immigration/nonpermanent/applyextensionstay/fdhcontractrenewal.htm; पर

(**b**) डाक द्वारा - विदेशी घरेलू सहायक अनुभाग को संबोधित करते हुए नीचे दिए गए पते पर;

(c) ड्रॉप-इन - विदेशी घरेलू सहायक अनुभाग में नीचे दिए गए पते पर ड्रॉप-इन बॉक्स उपलब्ध कराए गए हैं; तथा

(**d**) निम्नलिखित में से किसी भी पते पर व्यक्तिगत रूप से:

| | |
|---|---|
| Foreign Domestic Helpers Section | 4/F, Administration Tower, Immigration Headquarters, 61 Po Yap Road, Tseung Kwan O, New Territories |

| | |
|---|---|
| East Kowloon Office | Level 2, Sceneway Plaza, Sceneway Garden<br>1-17 Sceneway Road, Lam Tin, Kowloon |
| West Kowloon Office | G/F, 28 Kimberley Street, Tsim Sha Tsui, Kowloon |
| Sha Tin Office | 3/F, Sha Tin Government Offices<br>1 Sheung Wo Che Road, Sha Tin,<br>New Territories |
| Fo Tan Office | Shops 405-407, 4/F, Julibee Square<br>2-18 Lok King Street, Fo Tan,<br>New Territories |
| Tuen Mun Office | 2/F, Tuen Mun Siu Lun Government Complex, 19 Siu Lun Street, Tuen Mun,<br>New Territories |
| Yuen Long Office | 1/F, Yuen Long Government Offices,<br>2 Kiu Lok Square, Yuen Long,<br>New Territories |

### *निवास का अधिकार*

यदि आपको घरेलू सहायक के रूप में रोजगार के लिए हांगकांग में प्रवेश दिया जाता है, तो आप यहां अपने निवास के माध्यम से निवास का अधिकार प्राप्त नहीं कर सकते हैं और हांगकांग स्थायी पहचान पत्र के हकदार नहीं हैं।

## आयातित कर्मचारी के लिए

यदि आप आवासीय देखभाल गृहों के लिए देखभाल कर्मियों के आयात की विशेष योजना, क्षेत्र-विशिष्ट श्रम आयात योजना या संवर्धित पूरक श्रम योजना के अंतर्गत आयातित श्रमिक के रूप में हांगकांग आते हैं और आपके यात्रा दस्तावेज की वैधता रोजगार अनुबंध की अवधि से कम है, तो यात्रा दस्तावेज की वैधता को ध्यान में रखते हुए आगमन पर आपको कम अवधि के लिए रहने की अनुमति दी जा सकती है। आपके यात्रा दस्तावेज के नवीनीकरण के बाद, स्वीकृत रुकने की अवधि सीमा के भीतर, वर्तमान अनुबंध की शेष अवधि को पूरा करने के लिए रुकने की अवधि को बढ़ाने के लिए आवेदन किया जाना चाहिए, बशर्ते कि नियोक्ता आपके रोजगार को जारी रखने की पुष्टि

करे। आयातित कर्मचारी को उसके रोजगार अनुबंध के पूरा होने या समाप्त होने पर सामान्यतः रुकने की अवधि को बढ़ाने नहीं दिया जाएगा। नए रोजगार अनुबंध के लिए वीजा /प्रवेश परमिट हेतु नया आवेदन प्रस्तुत किया जाना चाहिए। आवेदन ऑनलाइन, व्यक्तिगत रूप से या अधिकृत प्रतिनिधि के माध्यम से या डाक द्वारा/हांगकांग अप्रवासन विभाग में प्रस्तुत किया जा सकता है:

**Admission of Labour Section,**
**Immigration Department**
4/F, Administration Tower, Immigration Headquarters, 61 Po Yap Road, Tseung Kwan O, New Territories

आवेदन विवरण के लिए, कृपया "आवासीय देखभाल गृहों के लिए देखभाल श्रमिकों को आयात करने के लिए विशेष योजना के तहत प्रवेश के लिए मार्गदर्शिका" (ID(E) 1029) [https://www.immd.gov.hk/eng/forms/forms/id-e-1029.html], "क्षेत्र-विशिष्ट श्रम आयात योजनाओं के तहत प्रवेश के लिए मार्गदर्शिका" (ID(E) 1031) [https://www.immd.gov.hk/eng/forms/forms/id-e-1031.html] और "उन्नत पूरक श्रम योजना के तहत प्रवेश के लिए मार्गदर्शिका" (ID(E) 1002) [https://www.immd.gov.hk/eng/forms/forms/id-e-1002.html] देखें।

### *निवास का अधिकार*

यदि आपको आयातित श्रमिक के रूप में रोजगार के लिए हांगकांग में प्रवेश दिया जाता है, तो आप यहां अपने निवास के माध्यम से निवास का अधिकार प्राप्त नहीं कर सकते हैं और हांगकांग के स्थायी पहचान पत्र के हकदार नहीं हैं।

## पूछताछ

अप्रवासन मामलों के बारे में पूछताछ के लिए कृपया संपर्क करें:

**सूचना एवं संपर्क अनुभाग, अप्रवासन विभाग**
Upper Ground Floor, Administration Tower, Immigration Headquarters,
61 Po Yap Road, Tseung Kwan O, New Territories, Hong Kong

टेलीफोन: 2824-6111
फैक्स : 2877-7711
ई-मेल: enquiry@immd.gov.hk
वेबसाइट: www.immd.gov.hk

## टिप्पणियां और सुझाव

यदि आप अप्रवासन कर्मचारियों से प्राप्त सेवा से संतुष्ट नहीं हैं, तो कृपया:

- मौके पर ही प्रभारी अधिकारी के समक्ष अपनी समस्या रखें; या
- कार्यालय समय के दौरान 2829-4141 या 2829-4142 पर ग्राहक सेवा इकाई को टेलीफोन करें; या
- Chief Immigration Officer (Management Audit) को लिखें
  - डाक द्वारा Administration Tower, Immigration Headquarters, 61 Po Yap Road, Tseung Kwan O, New Territories; पर; या
  - ई-मेल द्वारा enquiry@immd.gov.hk पर; या
  - फैक्स द्वारा 2827-0662 पर।